न्यायालय उपखण्ड अधिकारी राजगढ (अलवर)

पीठासीन अधिकारी श्री पवन कुमार आर.ए.एस.
(न्याय आपके द्वार 2018 कैम्प कोर्ट कलेशान)

वाद संख्या :— 02 / 41 / 2010

भगवान बनाम सन्तोष वगैरा
प्रार्थना पत्र 212 आर.टी. एक्ट

दिनांक 20.06.2018

आज यह पत्रावली वास्ते निर्णय स्वप्रेरणा से कैम्प कोर्ट कलेशान पर पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में दिनांक 16.04.2010 को आराजी विवादित हाल खसरा नम्बर 31 / 0.32, 32 / 0.84, 33 / 0.45, 52 / 0.02, 56 / 0.13 है. वाके ग्राम गोठ तहसील राजगढ में एकतरफा बहस वकील वादी सुनी जाकर अप्रार्थीगण के विरूद्ध दिनांक 28.06.2010 तक इस आशय की अन्तरिम निषेधाज्ञा जारी नहीं की गई थी कि वो प्रार्थी के हिस्से तक किसी प्रकार का व्यवधान न करें तथा प्रार्थना पत्र प्रार्थी दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब करने के आदेश दिए गये। पत्रावली का अवलोकन किया। समान पक्षकार व समान आराजी विवादित से सम्बन्धित इसी न्यायालय में अन्य प्रार्थना पत्र 02 / 420 / 2015 भी विचाराधीन होने व आज दिनांक प्रार्थना पत्र का निर्णय होने से इस प्रार्थना पत्र की कार्यवाही ड्रॉप की जाती है। निर्णय आज दिनांक 20.06.2018 कैम्प कोर्ट कलेशान पर सुनाया गया।

पत्रावली नम्बर से कम होकर बाद पूर्ति मूलवाद के संलग्न हो।

(पवन कुमार, आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी राजगढ (अलवर)
(कैम्प कोर्ट कलेशान)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official